भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं:. 2650
उत्तर देने की तारीख :04.08.2026

**राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना**

**2650. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कोल्हापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की ब्लॉक-वार संख्या कितनी है;
(ख) कोल्हापुर के एससी/एसटी उद्यमियों द्वारा उद्यम पूंजी निधि का उपयोग क्या है, और ब्लॉक-वार प्राप्त आवेदन कितने हैं, स्वीकृत की गई और संवितरित की गई धनराशि कितनी है;
(ग) कोल्हापुर के ब्लॉकों में सार्वजनिक भवनों, शिक्षण संस्थानों और परिवहन सुविधाओं के लिए सुगम्यता संपरीक्षा के नियमों के पालन की स्थिति क्या है; और
(घ) जिला-स्तरीय निगरानी तंत्र शिकायत निवारण डेटा और योजना की संतृप्ति की प्रतिशतता ब्लॉक-वार क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रामदास आठवले)

**(क)**: अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के तहत, पिछले तीन वर्षों के दौरान कोल्हापुर लोकसभा क्षेत्र से 13 छात्रों का चयन किया गया है।

**(ख)**: अनुसूचित जातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-एससी) योजना के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान कोल्हापुर लोकसभा क्षेत्र से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, वीसीएफ-एससी योजना की शुरुआत से, महाराष्ट्र के कोल्हापुर लोकसभा क्षेत्र की छह (6) कंपनियों को 12.78 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है, जिसमें से 9.95 करोड़ रूपये वितरित किए जा चुके हैं। अनुसूचित जनजातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-एसटी) योजना के तहत, कोल्हापुर लोकसभा क्षेत्र से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ग)**: कोल्हापुर जिले के ब्लॉकों में सार्वजनिक भवनों, शैक्षणिक संस्थानों और परिवहन सुविधाओं की सुगम्यता संपरीक्षा का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

(घ): सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन की बहु-स्तरीय तंत्र के माध्यम से निगरानी की जाती है जिसमें समय-समय पर समीक्षा करना, उपयोग प्रमाण-पत्र, प्रगति रिपोर्ट के लिए अनुरोध करना और राज्य सरकारों/कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ समन्वय करना शामिल है। शिकायतों का निवारण केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम) के माध्यम से समयबद्ध तरीके से किया जाता है।

*****